Premier
Dalton McGuinty

ओन्टेरियो में आपका स्वागत है! आप सही जगह पर आए हैं। ओन्टेरियो एक रहने लायक जगह है, और यहां बसने व सफल होने के लिए आपको जिस जानकारी की आवश्यकता है, उसे प्राप्त करने के लिए सबसे अच्छी जगहों में एक है –यहां ।

ओन्टेरियो विश्व के सर्वाधिक विविधतापूर्ण स्थानों में से एक है। हमारे लोगों द्वारा 130 से भी अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और वे लगभग 200 भिन्न–भिन्न देशों से हैं। प्रतिदिन, 300 से भी अधिक व्यक्ति ओन्टेरियो को अपना नया घर चुनते हैं – जो कि कैनेडा के किसी भी अन्य प्रांत से अधिक है।

ओन्टेरियो में जो सबसे अच्छी बातें हैं, उनमें से एक यह है कि आप अपनी व्यक्तिगत पहचान बनाये रख सकते हैं, और फिर भी उसी विशाल समुदाय का हिस्सा बने रह सकते हैं। वास्तव में, हमारे लोग हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं, और उनकी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है उनकी विविधता। यही कारण है कि हम दुनिया भर से सर्वोत्तम और सबसे अधिक प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करने का कार्य जारी रखना चाहते हैं, क्योंकि हमारी विविधता में ही हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी समृद्धि और हमारे प्रांत की मजबूती का राज छिपा है।

कैनेडा के नये निवासी, जीवन के हर क्षेत्र में हमारी अर्थव्यवस्था, हमारे समाज में भारी योगदान कर रहे हैं। और, जब हमारे प्रांत में नये निवासी सफलताएं अर्जित करते हैं, तो यह ओन्टेरियो की ही सफलता होती है।

अतः, हमारी सरकार आपके यहां बसने और सफल होने के लिए आपके एवं आपके परिवार के साथ मिलकर काम करेगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके बच्चों की शिक्षा शानदार स्कूलों में सर्वोत्तम ढंग से शुरु हो।हम सुनिश्चित करेंगे कि आपके परिवार को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों। और, यहां आपके शीघ्रता से बसने व काम पाने में सहायता के उद्देश्य से हम अनेक प्रकार के बसने से संबंधित व भाषा कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए कैनेडा सरकार के साथ मिलकर कार्य करेंगे।

इस वेबसाइट पर आप ओन्टेरियो में रहने, काम करने, अध्ययन करने, कोई व्यापार सीखने या अपना व्यापार अथवा व्यवसाय चलाने के लिए उपयुक्त जगहें ढूंढ सकते हैं और देख सकते हैं कि ओन्टेरियो में नया कारोबार कैसे शुरू किया जाए.

इसके अलावा, आप ओन्टेरियो के जन–जीवन के बारे में और भी जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं – हमारे लोगों व संस्कृति के बारे में, हमारे इतिहास हमारे भूगोल और मौसम के बारे में तथा ओन्टेरियो घूमने के बारे में।

और, आप महत्वपूर्ण फार्म डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे फार्म, जिनकी ज़रूरत आपको आप्रवास के लिए ड्राइवर लाइसेंस लेने के लिए और ओन्टरियो में नया जीवन शुरू करने हेतु आवेदन करने के लिए होगी। ओन्टेरियो में आपका स्वागत है – विश्व–भर के लोगों के लिए रहने हेतु उत्तम जगह।

प्रीमियर मैकगिन्टी की साइट पर जाएं
OntarioImmigration.ca पर वापस जाएं